दिन– शुक्रवार                                        दिनांक– 04 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                        अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश के बाढ़ प्रभावित अठारह जिलों की स्थिति में मामूली सुधार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दरभंगा जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे।

02. सीबीआई ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी, पटना शाखा के डीएसपी अजय प्रताप सिंह को बीस लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

03. प्रदेश में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को निःशुल्क बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज तेरह बच्चों को इलाज के लिए वेल्लोर करेंगे रवाना।

04. और, केन्द्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए अठहत्तर दिनों के बोनस की घोषणा की।

————————————————————————

राज्य में कोसी नदी की बाढ़ से प्रभावित इलाकों की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है जबकि अन्य नदियों से आई बाढ़ से प्रभावित इलाकों में स्थिति अभी भी गम्भीर बनी हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार अठारह जिलों की लगभग सोलह लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दरभंगा में बाढग्रस्त इलाकों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे बाढ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का भी वितरण करेंगे। दूसरी तरफ, प्रभावित इलाकों में बाढ का पानी कम होने के साथ ही राज्य सरकार की ओर से नुकसान का आकलन शुरू हो गया है। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

–––बाईट–––

कई जिलों में बाढ के पानी के घटने के साथ कई इलाकों में सरकारी विभागों ने नुकसान को लेकर आकलन शुरू कर दिया है। जिन इलाकों में पानी बाहर निकल गया है, वहां बाढ के कारण खेतों में खडी फसल, घरों, सडको और पुल–पुलियों को हुए नुकसान को लेकर आकलन किया जा रहा है। कृषि विभाग के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार बाढ से प्रभावित बांधबंद प्रखंडों में दो लाख 24 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रों में फसल को क्षति पहुंची है। कृषि विभाग की ओर से नुकसान के संबंध में आकलन और रिपोर्ट प्राप्ति के बाद किसानों को फसल क्षति का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

————————————————————————

शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में बागमती नदी के जलस्तर में तेजी से कमी आ रही है। लेकिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

———रिपोर्ट———

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के घरों में अभी भी पानी है। प्रभावित लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं। जिला प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सात राहत केंद्र और सामुदायिक रसोई केन्दो के माध्यम से प्रभावितों को राहत उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही ऊंचे स्थलों पर चापाकल लगाया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन के अधिकारी कैंप कर रहे हैं। इधर, बागमती के जलस्तर में कमी आने से तटबंध पर दबाव कम हुआ है। जिले में बाढ़ से फसलों को काफी क्षति हुई है। जिले में बाढ़ और बरसात से फसलों की हुई क्षति का आकलन करने को लेकर प्रभावित क्षेत्र में फसल सर्वे करा जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

सीतामढ़ी जिले में बागमती नदी के जलस्तर में कमी आने बावजूद लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

———रिपोर्ट———

जिले के रून्नीसैदपुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना अब भी करना पड़ रहा है। हजारों परिवार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 77 सड़क पर पालीथीन सीट के सहारे जैसे तैसे जीवन बसर करने को मजबूर हैं। करीब पांच किलोमीटर से अधिक दूरी पर बाढ़ से प्रभावित लोगों को सड़क पर रहते देखा जा रहा है। जिला प्रशासन लगातार राहत वितरण में लगी हुयी है। बाढ प्रभावित लोगों को अपने मवेशियों के चारे के लिए काफी मुश्किलों का सामना करते देखा जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

इधर, मधुबनी के जयप्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाढ प्रभावित लगभग आधा दर्जन गांवों से पानी निकल जाने के बाद जन—जीवन धीरे—धीरे सामान्य हो रहा है। हालांकि लोगों को अब भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

जिले में बाढ प्रभावित डोरवाड, छरकी व ब्रम्होतरा गांव जानेवाली कमला पश्चिमी तटबन्ध से शुरू मुख्य पक्की सड़क जगह जगह क्षतिग्रस्त हो जाने से कई जगह गड्ढे बन गये हैं। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़क के पिचिंग और ग्रेवलिंग तक उखड़ जाने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से अकिल हुसैन।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी और भारी बारिश के चलते पीरपैंती—बाखरपुर मुख्य मार्ग पर बना मुस्तफापुर चौखंडी पुलिया ध्वस्त हो गयी है।

———रिपोर्ट———

मुस्तफापुर चौखंडी पुलिया के ध्वस्त होने से बाखरपुर, बाबूपुर–तिलकधारी टोला और मोहनपुर–गोविंदपुर समेत कई गांवों को जिला मुख्यालय से सड़क सम्पर्क बाधित हो गया है। इस कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। हादसे के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन इस पुल को पहले ही जर्जर घोषित कर चुका था। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में बाढ प्रभावित जिलों में जिन रैयतों की जमीन की डीड और अन्य दस्तावेजों की क्षति हुई है उन्हें राज्य सरकार जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करवायेगी। श्री जायसवाल ने इस संबंध में सभी अंचलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि चक्रवातीय परिसंचरण के कारण अगले दो दिनों तक मौसम में यह स्थिति देखने को मिल सकती है।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय जांच ब्यूरो– सीबीआई ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए, पटना की शाखा के डीएसपी अजय प्रताप सिंह को बीस लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गया से अजय प्रताप सिंह के साथ दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज और डिजीटल उपकरण भी बरामद किये गये हैं। गौरतलब है कि डीएसपी अजय प्रताप सिंह आयकर अधिकारी हैं। वे एनआईए पटना में प्रतिनियुक्ति पर हैं। यह कार्रवाई पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के बेटे राकेश रंजन की शिकायत के आधार पर की गयी है।

————————————————————————

प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत थैलेसीमिया से पीडित बच्चों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट भी निशुल्क इलाज किया जायेगा। इसके लिये राज्य स्वास्थ्य समिति और सीएमसी वैल्लोर के बीच आज पटना में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज तेरह बच्चों को बोनमैरो ट्रांसप्लांट की चिकित्सा सुविधा के लिए तेरह डोनर और बच्चों के माता–पिता को सीएमसी वेल्लोर के लिए रवाना करेंगे।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने त्योहारों के मद्देनजर रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस की घोषणा की है। प्रत्येक पात्र कर्मचारियों को अठहत्तर दिनों के लिए अधिकतम सत्रह हजार नौ सौ इक्यावन रूपये मिलेंगे। इस फैसले से ग्यारह लाख बहत्तर हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अच्छे प्रदर्शन के लिए रेलवे द्वारा कर्मचारियों के लिए दो हजार उनतीस करोड़ रूपये के प्रोडक्टविटी से जुड़े बोनस को मंजूरी दी गयी है।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कुल प्रस्तावित व्यय के साथ पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को स्वीकृति दी है। मंत्रिमंडल ने खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कृष्णोन्नति योजना को भी मंजूरी दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी।

————————————————————————

राज्य सरकार प्रदेश में गेंहू बीज उत्पादन महाअभियान के तहत किसानों को निशुल्क बीज उपलब्ध कराएगी। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में इस अभियान शुरूआत करते हुए कहा कि किसानों से उत्पादित बीज को बाजार से पच्चीस से तीस प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। उन्होंने कहा योजना के तहत इक्कीस जिलों में साढे तीन लाख क्विंटल गेहूं बीज उत्पादन के लिये कार्ययोजना बनाई गई है। श्री पांडेय ने बताया कि रबी मौसम दो हजार चौबीस–पच्चीस के तहत मुजफफरपुर, समस्तीपुर, वैशाली और सिवान समेत पंद्रह जिलों में बीज उत्पादन कार्य सामान्य किसान करेंगें। वहीं पटना, दरभंगा, बक्सर, नवादा और जहानाबाद सहित छह जिलों में कृषि उत्पाद संघ बीज उत्पादन करेंगे।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय में आज दो न्यायाधीशों को शपथ दिलाई जायेगी। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रण न्यायायिक सेवा कोटे से नियुक्त न्यायाधीश शशि भूषण प्रसाद सिंह और अशोक कुमार पांडेय को शपथ दिलायेंगे।

————————————————————————

रेलवे ने त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए रक्सौल और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के बीच आज से स्पशेल ट्रेन चलायेगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वतीव चंद्र ने बताया कि यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को शाम चार बजकर पचपन मिनट पर रक्सौल होते हुए मुंबई के लिए प्रस्थान करेगी।

इधर, रेलवे ने दानापुर– आरा के बीच भी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन की शुरूआत कल से हो चुकी है।

————————————————————————

कटिहार–बारसोई रेलखंड पर लाभा स्टेशन पर खड़ी पेट्रोल टैंकर लदी मालगाड़ी के एक टैंकर में आग लग गई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि लाभा स्टेशन की बीपीटीएन ट्रेन के टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। यह ट्रेन बरौनी रिफाईनरी से अलीपुर जंक्शन जा रही थी।

————————————————————————

शारजहां में आयोजित आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम का मुकाबला आज दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। आकाशवाणी का एफएम रेनबो चैनल शाम सात बजे मैच की ऑफ–ट्यूब लाइव कमेंट्री हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रसारित करेगा।

————————————————————————

मुंगेर जिले के नयारामनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक सौ साठ लीटर शराब के साथ पांच लोगो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान दो वाहन सहित पांच मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बृजबिहारी हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला को उम्रकैद। सुप्रीम कोर्ट ने पटना उच्चन्यायालय का फैसला पलटा। पूर्व सांसद सूरजभान को राहत। **दैनिक जागरण** लिखता है – भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए बनेगा पोर्टल। सरकारी विभागों में चल रही योजनाओं की रैंडम जांच के निर्देश दिये गये। **दैनिक भास्कर** ने डेंगू की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – पटना में डेंगू पीड़ित महिला की मौत। अब तक पांच की गई जान। **आज** अखबार ने लिखा है – पाली, प्राकृत और बांग्ला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा। **नव बिहार टाईम्स** की प्रमुख खबर है – केन्द्र ने लांच की एक लाख करोड़ रूपये की दो योजनाएं। किसानों की आय बढ़ाने पर जोर। **प्रभात खबर** और **राष्ट्रीय सहारा** समेत सभी अखबारों ने जेलों में जाति के आधार पर भेद–भाव नहीं करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रदेश के बाढ़ प्रभावित अठारह जिलों की स्थिति में मामूली सुधार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दरभंगा जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे।

02. सीबीआई ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी, पटना शाखा के डीएसपी अजय प्रताप सिंह को बीस लाख रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

03. प्रदेश में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को निःशुल्क बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज तेरह बच्चों को इलाज के लिए वेल्लोर करेंगे रवाना।

04. और, केन्द्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए अठहत्तर दिनों के बोनस की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।